हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 6 मई 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

11 शिविर में मिले 314 आवेदन, 250 से अधिक आवेदनों का...

12 गुढ़ियारी तालाब में आ रहा सोंदूर बांध का पानी...

खबर संक्षेप

पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 8 को

धमतरी। छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 मई को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, लक्ष्मणराव मगर ने की है। यह जानकारी सचिव ईश्वरी दयाल साहू ने दी है।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

धमतरी। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, रिटेल (सेल्समेन) और सुरक्षा गार्ड पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आगामी 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और रिटेल के प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास आवेदक आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह सुरक्षा गार्ड पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए आठवीं पास तथा न्यूनतम ऊंचाई 5 फीट 6 ईंच वाले पुरूष आवेदक आवेदन कर सकते हैं।

कार की ठोकर से बाइक सवार घायल

धमतरी। नेशनल हाईवे से गुजर रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पखांजूर निवासी सुरजीत पिता सुधीर उम्र 38 वर्ष और डब्लू हलधर सोमवार की रात्रि बाइक में नेशनल हाईवे से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ग्राम मरौद टोल प्लाजा के पास बाइक को जोरदार टक्कर मार फरार हो गई। कार की ठोकर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क पर पड़े घायलों को निजी एम्बुलेंस की मदद से धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां घायलों का उपचार जारी है।

- मरौद टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा

नगरी-चारगांव जबर्रा जाने वाले मुख्य मार्ग पर दिखे दो जंगली हाथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी से चारगांव जबर्रा जाने वाले मुख्य मार्ग पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अचानक दो जंगली हाथी सड़क पर दिखाई दिए। हाथियों के सड़क पर आ जाने से कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हो गया और राहगीरों तथा वाहन चालकों में दहशत का माहौल बन गया। इस दौरान कई लोगों ने सुरक्षित दूरी बनाकर इस दृश्य को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों हाथी जंगल की ओर से निकलकर मुख्य सड़क पर पहुंचे और कुछ देर तक सड़क पर विचरण करते रहे। हाथियों की मौजूदगी से मार्ग पर चल रहे छोटे-बड़े वाहनों की रफ्तार थम गई। कई वाहन चालक अपनी गाड़ियां रोककर दूर से स्थिति का जायजा लेते रहे, वहीं कुछ लोग भय और उत्सुकता के बीच हाथियों का वीडियो बनाते नजर आए।

वन्यजीव विशेषज्ञों का भी कहना है कि हाथी स्वभाव से शांत होते हैं, लेकिन खतरा महसूस होने पर वे आक्रामक हो सकते हैं। इसलिए लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए और प्रशासन के निर्देशों का पालन करना चाहिए। फिलहाल वन विभाग की टीम लगातार इलाके में नजर बनाई हुई है।

सड़क पार करते वीडियो हुआ वायरल

मुख्य सड़क में हाथियों की आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि नगरी और आसपास के वन क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही पहले भी देखी जाती रही है, लेकिन मुख्य सड़क पर इस तरह अचानक हाथियों का आ जाना लोगों के लिए चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की बढ़ती गतिविधियों से कभी भी जनहानि या दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसलिए प्रशासन और वन विभाग को इस दिशा में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

वन विभाग ने की लोगों से सतर्क रहने की अपील

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। वन विभाग द्वारा आसपास के गांवों और मार्ग से गुजरने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। अधिकारियों ने कहा है कि जंगली हाथियों के निकट जाना, उन्हें छेड़ना या उनके सामने शोर-शराबा करना बेहद खतरनाक हो सकता है।

जिले के 208 गांव के 11 हजार किसानों ने कराया है प्रधानमंत्री कृषि बीमा

रबी फसल क्षति मुआवजा का किसानों को है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मार्च महीने के दौरान असामयिक बारिश और ओलावृष्टि से रबी फसल को हुए नुकसान के मुआवजे का किसानों को बेसब्री से इंतजार है। फिलहाल राजस्व विभाग ने फसल क्षति की सर्वे रिपोर्ट अब तक नहीं बना पाया है। इधर गेहूं, चना, सरसों का प्रधानमंत्री कृषि बीमा कराने वाले किसानों के खाते में बुधवार को बीमा राशि पहुंचना शुरू हो जाएगा। जिले के 4 हजार से अधिक किसानों ने बीमित फसल को क्षति पहुंचने का आवेदन किया है।

उल्लेखनीय है कि धमतरी जिले के 208 गांवों के 10480 किसानों ने रबी फसल बीमा कराया था जिसमें भखारा तहसील के 62 गांव के 3849 किसान, धमतरी शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के 65 गांव के 4694 किसान, कुरूद तहसील के 47 गांव के 1248 किसान, मगरलोड तहसील के 23 गांव के 284 किसान, नगरी तहसील के 5 गांव के 72 किसान, कुकरेल तहसील में 4 गांव के 30 किसान तथा बेलरगांव तहसील में 2 गांव के 33 किसानों ने प्रधानमंत्री कृषि बीमा कराया है जिसका 11057.1 हेक्टेयर का बीमा है। बीमा कंपनी के दुष्यंत कौशिक बताते हैं कि बीमा कंपनी बीमित फसलों की क्षतिपूर्ति राशि बुधवार से किसानों के खाते में ट्रांसफर करना शुरू करने जा रही है। करीब 4 हजार किसानों ने फसल क्षतिपूर्ति राशि के लिए आवेदन किया है। बीमा क्लेम राशि का वितरण होने के बाद कुल मुआवजा राशि का वितरण का पता चलेगा।

राजस्व विभाग के सर्वे की अब तक रिपोर्ट नहीं आई

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान की फसल लेने वाले किसानों को छोड़कर गेहूं, चना, सरसों आदि दलहन-तिलहन की फसल करीब 20 हजार किसानों ने लगाई थी, जिसमें से आधे किसानों ने अपना फसल बीमा कराया था। फसल बीमा से वंचित हजारों किसानों को असामयिक बारिश और ओलावृष्टि का सामना करना पड़ा है। किसानों की मांग पर शासन-प्रशासन ने राजस्व विभाग के माध्यम से फसल क्षति का सर्वे कराया है। राजस्व विभाग की सर्वे रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन प्रभारी श्रीमती पाठक ने बताया कि फसल क्षति को लेकर राजस्व विभाग की सर्वे रिपोर्ट उन्हें अब तक तक प्राप्त नहीं हुई है। तहसीलों से इसकी जानकारी मिल सकती है।

11 करोड़ का प्रीमियम, 44 करोड़ का बीमा

जिले के 10480 किसानों ने 11057.1 हेक्टेयर का बीमा कराया है जिसकी प्रीमियम राशि 65 लाख 91 हजार 607 रूपये जमा की है। जिसमें राज्य सरकार और केन्द्र सरकार ने 10.33 करोड़ का प्रीमियम जमा किया है। इस आधार पर 43 करोड़ 94 लाख 40 हजार 678 रूपये का फसल बीमा है। तेलीनसत्ती, रामपुर के किसान श्याम कुमार, देवेन्द्र पटेल, रामबिहारी आदि ने फसल बीमा तथा मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है।

अछोटा में पूर्व पंचवर्षीय कार्यकाल में भ्रष्टाचार, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

- करीब 30 मिनट तक सड़क जाम रही, एसडीएम के आश्वासन पर आंदोलन हुआ खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम अछोटा में मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच के कार्यकाल में कथित गड़बड़ियों की जांच की मांग को लेकर फारेस्ट नाका के पास चक्काजाम कर दिया। करीब 30 मिनट तक सड़क जाम रही, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। एसडीएम के आश्वासन पर आंदोलन खत्म हुआ। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीएम पीयूष तिवारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व पंचवर्षीय कार्यकाल में तत्कालीन सरपंच, तत्कालीन उपसरपंच व कुछ अन्य लोगों द्वारा पंचायत में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया। इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायतें की गई थीं। संबंधित विभाग और कलेक्टर को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कलेक्टर द्वारा जांच में आरोप प्रमाणित होने के बाद भी कार्रवाई लंबित है, जिससे दोषियों का मनोबल बढ़ा है।

चक्काजाम में प्रमुख रूप से योगेश्वर देवांगन, जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, सरपंच संतोषी निषाद, उपसरपंच तिहारू देवांगन, धनुश राम साहू, खिलेशराम सेन, सोमन राम, आशीष कुमार, राजेश कुमार, जितेन्द्र देवांगन सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

चक्काजाम से पहले हुई सभा

मंगलवार की सुबह ग्रामीण पहले एकत्रित हुए और सभा आयोजित कर अपनी समस्याएं रखीं। इसके बाद सभी लोग सड़क पर उतर आए और चक्काजाम शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय पर कार्रवाई होती तो उन्हें सड़क पर उतरने की नौबत नहीं आती। असामाजिक तत्वों की वजह से गांव में अशांति और तनाव का माहौल बना हुआ है।

जांच और एफआईआर की बात

इस संबंध में एसडीएम पीयूष तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर नियमानुसार जांच की जाएगी। एक पूर्व उपसरपंच को बर्खास्त किया जा चुका है तथा आवश्यकता पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

अवैध नल कनेक्शन पर सख्ती, 10 दिन में वैध नहीं कराया तो नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भीषण गर्मी के बीच शहर में जल संकट गहराता जा रहा है। इसी दौरान नगर निगम के सर्वे में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि शहर में 400 से अधिक नल कनेक्शन ऐसे हैं, जिनका कोई आधिकारिक रिकॉर्ड निगम के पास मौजूद नहीं है। वार्ड स्तर पर किए गए सर्वे के बाद सहायक राजस्व अधिकारियों ने ऐसे कनेक्शनों की सूची तैयार की है।

- सर्वे में 400 से ज्यादा अवैध कनेक्शन उजागर

नगर निगम ने अवैध कनेक्शन धारकों को 10 दिन के भीतर अपने कनेक्शन वैध कराने का निर्देश दिया है। इसके लिए उन्हें जल विभाग में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। तय समयसीमा के बाद निगम सीधे कार्रवाई करते हुए अवैध कनेक्शनों को काट देगा। निगम का कहना है कि इस तरह के कनेक्शनों से हर साल लाखों रुपये का राजस्व नुकसान हो रहा है।

कई वार्डों में स्थिति गंभीर

सर्वे के अनुसार डाकबंगला वार्ड, सिविल लाइन, जोधापुर, सोरिद, रिसाईपारा पश्चिम, बनियापारा, रामसागरपारा, नयापारा, कोष्टापारा, आमापारा, मराठापारा, बांसपारा, बठेना और विंध्यवासिनी वार्ड में सबसे अधिक अवैध कनेक्शन पाए गए हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें कुछ सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं, जो वर्षों से बिना वैध कनेक्शन के पानी का उपयोग कर रहे हैं।

राजस्व वसूली पर भी निगम का फोकस

नगर निगम के पास फिलहाल करीब 18 हजार वैध नल कनेक्शनों का रिकॉर्ड है। निगम प्रशासन ने जल आपूर्ति सुधारने के साथ-साथ राजस्व वसूली अभियान भी तेज कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बकाया कर समय पर जमा करने की अपील की है। बीते वर्ष 12.50 करोड़ रुपये के लक्ष्य में से लगभग 90 प्रतिशत वसूली हो चुकी है, जबकि करीब डेढ़ करोड़ रुपये अभी भी बकाया हैं।

फांसी लगाकर अधेड़ महिला ने की आत्महत्या

धमतरी। शारीरिक बीमारी से परेशान होकर अधेड़ महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तरसींवा निवासी बिसाहिन बाई साहू पति धरम उम्र 55 वर्ष बीते कुछ वर्षों से शारीरिक रूप से बीमार चल रही थी। वहीं उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी जिसके कारण वह परेशान रहती थी। महिला का साल भर से अस्पताल में इलाज चल रहा था। सोमवार की शाम महिला ने अपने घर के सिलिंग पंखा में स्कार्फ का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर अर्जुनी पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

ओडिशा से आ रही गांजे की खेप जब्त

- सांकरा हाईटेक नाके पर सिहावा पुलिस ने 53 किलो गांजा बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम सांकरा के पास स्थित वन विभाग के हाईटेक नाके पर फिर बड़ी कामयाबी मिली है। ओडिशा से आ रही गांजे की खेप पकड़ाई है। धमतरी जिले के सांकरा स्थित हाईटेक जांच नाका एक बार फिर सुर्खियों में है। मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 4 मई को सिहावा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ओडिशा से आ रही गांजा से भरे वाहन को धरदबोचा है।

सिहावा थाना प्रभारी शरद ताम्रकर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वाहन की सघन जांच के दौरान पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब उसमें छिपाकर ले जाया जा रहा 53 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में ले लिया और वाहन को जब्त कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है जिससे इस तस्करी नेटवर्क के और भी राज खुलने की उम्मीद जताई जा रही है।

गौरतलब है कि इसी हाईटेक जांच नाके पर हाल ही में वन विभाग और सिहावा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक क्विंटल से अधिक गांजा जब्त कर बड़ी कार्रवाई की थी। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान ने अब तस्करों की कमर तोड़नी शुरू कर दी है। पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार पर लगाम कसती नजर आ रही है।

मंडी बोर्ड ने प्रस्ताव शासन को भेजा, परियोजना पर लगभग 7 करोड़ रुपये खर्च होंगे

श्यामतराई में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सब्जी मंडी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में संचालित थोक सब्जी मंडी को अब आधुनिक सुविधाओं से लैस हाईटेक मंडी के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इसके लिए मंडी बोर्ड द्वारा प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, इस परियोजना पर लगभग 7 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। हाईटेक मंडी बनने के बाद यहां किसानों, व्यापारियों और एजेंटों को बेहतर और व्यवस्थित सुविधाएं मिल सकेंगी।

पहले शहर में थी थोक सब्जी मंडी

पूर्व में थोक सब्जी मंडी इतवारी बाजार के पास संचालित होती थी, जहां जगह की कमी और यातायात बाधित होने की समस्या लगातार बनी रहती थी। इन समस्याओं को देखते हुए इसे श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी में स्थानांतरित किया गया। मंडी को शिफ्ट करने के दौरान कुछ सब्जी एजेंटों द्वारा विरोध भी दर्ज कराया गया था। हालांकि वर्तमान में मंडी व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है।

किसानों को मिल रहा सुगम वातावरण

शहर से बाहर स्थित होने के कारण बाहरी क्षेत्रों से आने वाले किसानों को सुविधा मिल रही है। उन्हें भीड़भाड़ और यातायात की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता, जिससे व्यापार सुचारू रूप से होता है। हालांकि शहर से दूरी के कारण छोटे सब्जी विक्रेताओं को कुछ असुविधा होती है। उन्हें सब्जी खरीदने के बाद वाहनों के माध्यम से शहर तक लाना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त खर्च बढ़ जाता है।

छाया, पानी और दुकान जैसी सुविधाएं मिलेंगी

प्रस्तावित हाईटेक मंडी में छाया, पेयजल, व्यवस्थित दुकानें और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे मंडी की व्यवस्थाएं और अधिक सुचारू होंगी तथा अव्यवस्था की समस्या दूर होगी।

गरज-चमक, तेज हवाओं के साथ बारिश

- गर्मी से लोगों को मिली राहत, बिजली की आंखमिचौली से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मंगलवार को दोपहर बाद शहर सहित आसपास के क्षेत्र में गरज चमक, तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। मौसम में बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं बिजली की आंख मिचौली से लोगों को परेशानी हुई।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी उत्तरप्रदेश के उपर 0.9 किमी की ऊंचाई पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। मध्यप्रदेश के मध्य भाग में स्थित चक्रवाती परिसंचरण से विदर्भ, मराठवाडा, आंतरिक कर्नाटक, पूर्वी उत्तरप्रदेश और झारखंड से होते हुए बिहार तक एक द्रोणिका 0.9 किमी की ऊंचाई पर बनी हुई है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका विदर्भ, मराठवाड़ा, आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु से होकर मन्नार की खाड़ी तक बनी हुई है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ 40 से 50 किमी की गति से तेज हवा चलने तथा वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है। मौसम के बदलने से उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ में 2 से 4 डिग्री तापमान में गिरावट आई है। अगले दो दिन तक प्रदेश में कहीं-कहीं पर आंधी तूफान के साथ बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। तीन दिन बाद तापमान में क्रमिक वृद्धि की संभावना है।

खबर संक्षेप

10वीं में महिमा, 12वीं में उत्तम अव्वल

अंवरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंवरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में महिमा पिता भूपेंद्र कुमार 88 प्रतिशत प्रथम, थानेश्वरी पिता लतेश 86 प्रतिशत द्वितीय, ईशा पिता कमल कुमार 82 तृतीय एवं कक्षा 12वीं में उत्तम कुमार पिता चंद्रहास 92 प्रतिशत प्रथम, डिगेश कुमार पिता भागीरथी 91 प्रतिशत द्वितीय एवं गीताजंलि पिता विनोद कुमार 89 प्रतिशत तृतीय रही। पीएन साहू व्यख्याता सहित शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अमोडा की होनहार बिटिया भारती बनी स्कूल टॉपर

नरहरपुर। शाउमा विद्यालय अमोड़ा में आयोजित हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2025-26 का परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी भारती पटेल ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। भारती पटेल ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता, बल्कि पूरे अमोडा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है। वह प्रकाश पटेल एवं संगीता पटेल की सुपुत्री हैं।

निधन

अमृताबाई साहू

मगरलोड। ग्राम बेलोरा निवासी अमृता बाई साहू उम्र 72 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया। अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे अरुण कुमार, रामकुमार, कृष्णकुमार , संतोष कुमार की मां और दिनेश कुमार ,धर्मेश कुमार की दादी थीं। अंतिम संस्कार में ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 7 मई को मनेगा चावल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 7 मई को चावल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण किया जाएगा और खाद्य सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत, विकासखंड और जिला स्तर पर विशेष कार्ययोजना तैयार की है। महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देना और लंबित समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना है।

रोजगार दिवस के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों की समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि मई माह के भीतर प्रगतिरत कार्य पूर्ण किए जाएं और मांग के अनुसार नए रोजगार अवसर शुरू किए जाएं। इसके साथ ही जल संरक्षण अभियान मोर गांव मोर पानी मोर तरिया और नवा तरिया आय के जरिया पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत 7 मई को आयोजित चावल महोत्सव, रोजगार दिवस एवं आवास दिवस ग्रामीण विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य है कि ग्राम पंचायत स्तर पर ही आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाए।

सुशासन तिहार के तहत ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति

प्रधानमंत्री आवास योजना का तेजी से क्रियान्वयन

आवास दिवस के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित अन्य आवासीय योजनाओं के लंबित मामलों का त्वरित समाधान किया जाएगा। स्वीकृत आवासों का निर्माण अधिकतम 90 दिनों में पूर्ण करने के लिए ठोस योजना बनाई जाएगी। पंचायत स्तर पर हितग्राहियों से संवाद कर उन्हें वित्तीय सहायता की जानकारी दी जाएगी और निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्व-सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

खुलेआम बिक रही महुआ शराब, ग्रामीणों ने लगाया पुलिस, आबकारी पर संरक्षण का आरोप

हिंछापुर बना कच्ची शराब बनाने वालों का मजबूत किला, यहां नहीं होती कार्रवाई

- 32 घरों में चल रहा अवैध धंधा, रात में बनती है कच्ची शराब, शाम होते ही लगता है बाज़ार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम हिंछापुर इन दिनों अवैध महुआ शराब के कारोबार का बड़ा केंद्र बन गया है। इसे अवैध शराब बनाने व बेचने वालों का मजबूत किला माना जाने लगा है, क्योंकि शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के करीब 26 घरों और समीपस्थ रामनगर के 6 घरों में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बनाकर बेची जा रही है। शाम ढलते ही गांव में शराबियों का जमघट लगना शुरू हो जाता है और देर रात तक चलता है। आसपास के गांवों से भी लोग कच्ची शराब लेने यहां पहुंचते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी विभाग और सिहावा पुलिस को जानकारी होने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

बिना कार्रवाई किए लौटी पुलिस

ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अमला कभी-कभार रेड करने आता है, लेकिन बस्ती तक पहुंचे बिना ही लौट जाता है। आरोप है कि विगत दिनों कलेक्टर और आबकारी विभाग को शिकायत के बाद टीम आई थी, लेकिन कथित तौर पर बिना कार्रवाई लौट गई। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सिहावा पुलिस को पूरी जानकारी है, फिर भी गश्त के दौरान गाड़ी एक चक्कर लगाकर निकल जाती है। सूचना लीक होने के कारण टीम पहुंचने से पहले ही कारोबारी सतर्क हो जाते हैं।

इस तरह चलता है शराब बनाने व बेचने का सिस्टम

ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के कारण कच्ची शराब बनाने का काम रात में होता है। बड़े-बड़े हांडी जमीन में गाड़कर महुआ डुबोया जाता है। पास खराब न हो इसलिए कुछ जगह एसी तक लगाए गए हैं। कई घरों में सीसीटीवी से निगरानी की जाती है। दिन में शराब झिल्ली में भरकर रबर या धागे से बांधी जाती है और शाम होते ही बिक्री शुरू हो जाती है। कुछ कोचिये गांव के बाहरी हिस्से में शराब बनाते हैं और घर में बेचते हैं।

बिगड़ रहा गांव का माहौल

ग्रामीणों के अनुसार हिन्छापुर व रामनगर मिलाकर 32 स्थानों पर कच्ची शराब बनाने-बेचने का काम चल रहा है। इसका सीधा असर युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। बच्चे और युवा आसानी से शराब की चपेट में आ रहे हैं।

शराबियों की भीड़ से महिलाओं और बेटियों को रोजाना परेशानी होती है। पूरा गांव का माहौल शराबमय हो गया है।

कोपेडीह से भी बदतर हो गए हालात

कच्ची शराब के लिए कुख्यात रहे भखारा क्षेत्र के ग्राम कोपेडीह में पुलिस-आबकारी की लगातार कार्रवाई के बाद अब कुछ अंकुश लगा है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि नगरी मुख्यालय से महज 6 किमी दूर हिंछापुर के हालात कोपेडीह से भी बदतर हो गए हैं।

सांकरा में सट्टे का जोर

ग्रामपंचायत सांकरा के नंदी चौक में एक खंडहर होटल में अवैध सट्टा लिखे जाने का आरोप भी ग्रामीणों ने लगाया है। उनका कहना है कि यहां कुर्सी-टेबल लगाकर खुलेआम सट्टा पट्टी चलती है और कई परिवार इसकी चपेट में आकर बर्बाद हो रहे हैं।

ठोस कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक और जिला आबकारी अधिकारी से मांग की है कि हिंछापुर में अवैध शराब बनाने-बेचने वालों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए जिस तरह कोपेडीह में अभियान चलाकर अंकुश लगाने की कोशिश की थी, वैसी ही ठोस कार्रवाई हिंछापुर में भी जरूरी है।

अंचल की खबरें

मड़ेली के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

जीजामगांव। पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कुरूद ब्लॉक के ग्राम मड़ेली में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर तथा मिठाई वितरित कर जश्न मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

- सशिमं खिसोरा में परीक्षा परिणाम घोषित

मगरलोड। सरस्वती शिशु मंदिर उमावि खिसोरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा प्रमुख चंदन पटेल ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। कक्षा 5वीं में प्रथम जागृति साहू पिता गोविंद साहू 95.50 प्रतिशत, द्वितीय लीसा साहू पिता अश्वनी साहू 95 प्रतिशत, कक्षा 6वीं में प्रथम प्रणव कुमार पिता रामप्रसाद साहू 96.51 प्रतिशत, द्वितीय अंजलि निषाद पिता मानिकराम निषाद 90.16 प्रतिशत,कक्षा 7वीं में प्रथम प्रतिभा साहू पिता रोहित साहू 98.66 प्रतिशत, द्वितीय वैष्णवी साहू पिता कमलसिंह साहू 97.66 प्रतिशत, कक्षा 8वीं में प्रथम लुभिना पिता हेमंत कुमार साहू 93.83 प्रतिशत, द्वितीय, योगेश्वरी पिता हेमंत कुमार साहू 93.17 प्रतिशत रहे। इस दौरान बुढ़वाभगत शिक्षण समिति के सदस्य नरसिंह पटेल, प्राचार्य दीपक पटेल, प्रधानाचार्य गजानंद साहू और परीक्षा प्रमुख चंदन कुमार पटेल, आचार्य ललित पटेल, चितरंजन साहू, तुलेश्वरी साहू, डोमेश्वरी साहू और भृत्य नेहरू साहू उपस्थित थे।

आमदी कालेज में प्राचार्य डॉ. मनदीप ने पदभार ग्रहण किया

आमदी(धमतरी)। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में डॉ. मनदीप खालसा ने नवीन प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ. खालसा इससे पूर्व शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य के पद पर सेवारत थीं, जहां उन्होंने अल्प अवधि (लगभग डेढ़ वर्ष) में छात्रहित एवं संस्थागत विकास के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन, महाविद्यालय कैंटीन का पुनर्निर्माण एवं सुव्यवस्थित संचालन, साइकिल स्टैंड शेड का निर्माण तथा जिला प्रशासन के सहयोग से अग्निवीर, एसएससी, व्यापम एवं रेलवे परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग जैसी महत्वपूर्ण पहले की गई। साथ ही विज्ञान संकाय की प्रयोगशालाओं के उन्नयन में भी उनका विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय आगमन पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, तरुण बनर्जी, अंकित बोधवानी, डिगेश्वर अटल, युगेश्वर प्रसाद साहू सहित स्टाफ ने उनका आत्मीय स्वागत किया। रासेयो की स्वयंसेविकाएं खुशबू, संगीता, तुलसीरानी, विभा, शिप्रा एवं संजना ने भी पुष्पगुच्छ अर्पित कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. खालसा ने महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं छात्र केंद्रित गतिविधियों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं अनुशासन के नए मानकों तक पहुंचाने के लिए सभी के सहयोग से सतत प्रयास किए जाएंगे।

लईका घर ने मनाया वार्षिक उत्सव

नगरी। नगरी विकासखंड अंतर्गत संचालित लईका घर के वार्षिक उत्सव संगवारी तिहार का आयोजन बेलरगांव के स्कूल प्रांगण में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं लोक आस्था सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के समग्र विकास, देखभाल एवं प्रारंभिक शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा इस दिशा में कार्यरत देखभाल कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं योगदान को सम्मानित करना था। इस अवसर पर देखभाल कार्यकर्ताओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान समर्पित कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर गरिमा नेताम जिला पंचायत सदस्य, शिवनाथ मरकाम एवं पनलाल मरकाम जनपद सदस्य, हुमित कुमार लिमजा मंडल अध्यक्ष, इंदुमति मरकाम एवं रजनी नेताम सरपंच, नीलाम्बर नागवंशी, गजेन्द्र मण्डावी एवं कमितला धुर्व सरपंचगण, आरके देवांगन उपप्राचार्य सेकेंडरी हाईस्कूल, लता नेताम मुख्य कार्यकारिणी एवं सचिव, हेमनारायण मणिपुरी अध्यक्ष लोक आस्था सेवा संस्थान, नीलम खलखो प्रोग्राम मैनेजर, क्रेच प्रोजेक्ट, नगरी, सदानंद एवं रिंकश अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, अजीत मोहन चौधरी मोबाइल क्रेच, कोमल गुप्ता अवनिति, अनीता साहू आंगनवाड़ी सुपरवाइजर शामिल रहे।

- संगवारी तिहार में सांस्कृतिक कार्यक्रम की हुई प्रस्तुति

10वीं में चंचल, 12वीं में दीपकुमार ने मारी बाजी

सिर्री। ग्राम पंचायत गोजी की चंचल साहू पिता नागेश्वर साहू ने 10वीं कक्षा में 91 प्रतिशत और दीपकुमार साहू पिता संतोष साहू ने 12वीं में 88 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सरपंच जयमित्र साहू, उपसरपंच भेपेंद्र साहू, पंचगण टेमिन साहू, वंदना साहू, अनुसुइया साहू, हुमेश साहू, भाजपा कार्यकर्ता संजय साहू, राजेंद्र साहू, संतोष साहू और ग्रामीणों ने दोनों बच्चों को श्रीफल देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की।

प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल नगरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा नर्सरी से प्रथम रियांशी कंवर, द्वितीय युक्ति निषाद, तृतीय नेत्रांश ध्रुव और ग्रीसा साहू रहे। केजी1 से प्रथम पाखी पटेल, द्वितीय मान्या जलधर और पूर्विका श्रीमाली,तृतीय छाया साहू और महेक धृतलहरे। केजी 2में प्रथम लक्ष्य सेन, द्वितीय पूर्वी साहू, तृतीय अक्षत मानिकपुरी, नूर आशिया परवीन और नितिन पटेल। कक्षा पहली में प्रथम हर्षिता वर्मा, द्वितीय दीक्षा नेताम, तृतीय मानवी साहू। कक्षा दूसरी में प्रथम लक्ष्यदीप, द्वितीय नेहा भारती, तृतीय हर्षित पटेल। कक्षा तीसरी में प्रथम कोनिका साहू, द्वितीय वंश साहू, तृतीय मोक्ष सेन। कक्षा चौथी में प्रथम टिशा साहू, द्वितीय मानव कश्यप, तृतीय दक्ष साहू। कक्षा 6वीं में प्रथम स्थान रेहान मिर्जा, द्वितीय भूमिका परमार, तृतीय लुभांश हिरवानी। कक्षा 7वीं में प्रथम स्थान रिया भारती, द्वितीय मानस कश्यप, तृतीय एग्नियास्का। कक्षा 9वीं में प्रथम चेतना साहू, द्वितीय जिगर साहू, तृतीय शबीना परवीन रहे। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

इस अवसर पर पालकगण मदन लाल पटेल, मनीष ग्वाल, सुखदेव कुमार भारती, इस्लाम अंसारी, जितेंद्र साहू, मनीष सिन्हा, रिकेश साहू तथा शाला प्रबंधक विकल गुप्ता, प्राचार्या सुनीता कश्यप, बनमाला साहू, हेमराज हिरवानी, कोशिश निर्मलकर, संगीता साहू, दुत्सला मोहन, शैलेन्द्री वर्मा, सादिया मिर्जा समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष जाहिर किया है।

आठवीं में चित्ररेखा प्रथम, डोमन रहे द्वितीय

- सशिमं जीजामगांव का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा अरुण में मोनिका पिता टामन साहू 98 प्रतिशत प्रथम, प्रीतिका पिता नारद साहू 98 प्रतिशत प्रथम, युकिता पिता गीतेश्वर पटेल 97.5 प्रतिशत द्वितीय, टेजल पिता नरेन्द्र देवांगन 97.5 प्रतिशत द्वितीय, ओजस्वी साहू पिता किरण साहू तृतीय, पूर्वी साहू पिता मोहित साहू 97 प्रतिशत तृतीय, हिमांशु पिता योगेश्वर पटेल 97 प्रतिशत तृतीय, कक्षा-उदय में देविका साहू पिताश्री ठाकुर राम साहू 96.5 प्रतिशत प्रथम, भेव्यांशी साहू पिता ढालू राम साहू 95.5 प्रतिशत द्वितीय, श्रद्धा यादव पिता चंद्रशेखर यादव 94.5 प्रतिशत तृतीय, चित्रांशी साहू पिता रेखराम साहू 94.5 प्रतिशत तृतीय, कक्षा प्रथम में खेमराज ध्रुव पिता थानूराम ध्रुव 96.66 प्रतिशत प्रथम, वीरा साहू पिता पोषण साहू 94.66 प्रतिशत द्वितीय, शानवी साहू पिता प्रशांत साहू 92. 66 प्रतिशत तृतीय, कक्षा द्वितीय में काव्या पिता लोकेश कुमार साहू 99 प्रतिशत प्रथम, वाणी बांधे पिता युगेश बांधे 99 प्रतिशत प्रथम, भूमि मानिकपुरी पिता रूपेश दास मानिकपुरी 98.5 प्रतिशत द्वितीय, वासनी सेन पिता मनीष कुमार 97.5 प्रतिशत, कक्षा तृतीय में दिव्यांशु ध्रुव देवराज पिता देवराज ध्रुव 88.5 प्रतिशत प्रथम, हिमांशु पिता नोहर पटेल 87 प्रतिशत द्वितीय, सुहानी ध्रुव पिता लुपेंद्र कुमार ध्रुव द्वितीय, हर्षिता साहू पिता चंद्रशेखर साहू 95.5 प्रतिशत तृतीय, कक्षा चतुर्थ में तानिया पटेल पिता होरीलाल पटेल 87.5 प्रतिशत प्रथम, प्रीति यादव पिता नारद राम यादव 86 प्रतिशत द्वितीय, शिवांगी पिताश्री मोतीलाल साहू 86 प्रतिशत द्वितीय, काव्यांश पिता वीरेंद्र पटेल 85.5 प्रतिशत, कक्षा पंचम में हार्दिक पटेल पिता डीमेन्द्र पटेल 98.50 प्रतिशत प्रथम, एकता पटेल पिता हेमंत पटेल 91 प्रतिशत द्वितीय, केजल पिता घनश्याम पटेल 91 प्रतिशत द्वितीय, सेजल कुर्रे पिता खिलेंद्र कुर्रे 89.50 प्रतिशत, कक्षा 6 वीं में योजस्वी साहू पिता मोतीराम साहू 88.33 प्रतिशत प्रथम, वेदिका पिता राम खिलावन 82.5 प्रतिशत द्वितीय, देविका साहू मनीष कुमार साहू 79 प्रतिशत तृतीय, नैंसी साहू नम्मूलाल साहू79 प्रतिशत तृतीय, कक्षा सप्तम में गुलशन पिता टीकुराम साहू 92.8 3 प्रतिशत प्रथम, तूलिका युवराज साहू 91.1 प्रतिशत द्वितीय, येणु पटेल पिता होरीलाल पटेल 87 प्रतिशत तृतीय, कक्षा आठवीं में चित्ररेखा पटेल पिता वीरेंद्र पटेल 87.17 प्रतिशत प्रथम, डोमन साहू पिता ओमप्रकाश साहू 85.17 प्रतिशत द्वितीय, भावना साहू पिता अमित साहू 81 प्रतिशत तृतीय रहे। छात्रों की सफलता पर शाला प्रबंधन समिति एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

कचना में विकास कार्यों का भूमिपूजन

अंवरी। ग्राम पंचायत कचना में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। 15 वें वित्त जिला पंचायत निधि से ग्राम पंचायत कचना में सीसी रोड 2 लाख रूपये, पक्की नाली निर्माण 1 लाख रूपये, अंबेडकर चौक में चबूतरा, सिंटेक्स 1.50 लाख रूपये एवं विभिन्न कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया। अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाडु सदस्य जिला पंचायत, धर्मेंद्र ध्रुव सरपंच, पुरुषोत्तम चक्रधारी पूर्व सरपंच, गुलेश्वरी साहू उपसरपंच कचना, अलख राम साहू प्राधिकृत अधिकारी सहकारी समिति अध्यक्ष, केकचंद साहू, यशवंत साहू, शिशुपाल सेन, गणेश राम साहू , बृजमोहन राम मारकंडे, उतरा साहू उपस्थित थे।

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रजत कुमार निराला कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)

न्याय./ क्यु/क्रमांक दिनांक 07/04/2026
प्रो.क्र. : 825/2026

सूचना पत्र

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वादी पनका उर्फ रोहित कंवर पिता स्व. सुमेर सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम सेलदीप, थाना - कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) ने एक व्यवहार वाद विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के तहत नाम की घोषणा हेतु माननीय न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद में संस्थित किया गया है, जिसका व्यवहार वाद क्रमांक 251अ-/2025 है, तथा प्रकरण का नाम पनका उर्फ रोहित कंवर बनाम आम जनता वगैरह है, तथा प्रतिवादी क्रमांक 01 आम जनता जो भी हितबध्द पक्षकार हो, कि उपस्थिति / तामिली हेतु सूचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 14/05/2026 को आप प्रतिवादी क्रमांक 01 की उपस्थिति हेतु नियत की गई है, नियत पेशी तारीख को आप प्रतिवादी क्रमांक 01 स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराकर के दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, किसी कारण से पेशी तारीख को अवकाश घोषित हो जाता है, तो अगले दिन उक्त प्रकरण की पेशी में उपस्थिति दर्ज करावें। नियत पेशी तारीख के पश्चात कोई दावा स्वीकार नही होगा।

रजत कुमार निराला
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद,
जिला-धमतरी (छ.ग.)

सरस्वती शिशु मंदिर करेली बड़ी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कारों का पुंज है : सुखीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

सरस्वती शिशु मंदिर करेली बड़ी में वार्षिक परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सुखीराम ने संस्कार और चरित्र निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कारों का पुंज है। उन्होंने बच्चों को बुरी आदतों से दूर रहने की सलाह दी। बताया कि शिशु मंदिर में मिलने वाली शिक्षा विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और नैतिकता की भावना भरती है।

संयोजक भोजराम साहू ने बताया कि यहां न्यूनतम शुल्क में उच्च गुणवत्ता वाली संस्कारित शिक्षा प्रदान की जाती है।

कक्षा अरुण में प्रथम ट्विंकल यादव (98 प्रतिशत), द्वितीय यिशिका साहू (93 प्रतिशत), कक्षा उदय में प्रथम गीतांश निषाद (99 प्रतिशत), द्वितीय देविका निषाद (98 प्रतिशत), कक्षा प्रथम में प्रथम उर्वि पाल 99 प्रतिशत, द्वितीय नेमा साहू, सानिया साहू (97 प्रतिशत) कक्षा द्वितीय में प्रथम पल्लवी साहू (99 प्रतिशत), द्वितीय जानवी साहू (97 प्रतिशत, कक्षा तृतीय में प्रथम यन्तिका सोनवानी, भावना साहू (97 प्रतिशत), द्वितीय ठनिष्का सोनवानी (93 प्रतिशत), कक्षा चतुर्थ में प्रथम सारिका साहू (96 प्रतिशत), द्वितीय दामेश्वरी सिन्हा (88 प्रतिशत), कक्षा षष्ठ में प्रथम गुलशन साहू (95 प्रतिशत) द्वितीय देविका साहू (88 प्रतिशत) और कक्षा सप्तम में डिम्पल साहू (93 प्रतिशत), द्वितीय डाली साहू (93 प्रतिशत) रहे।

मौके पर दानेश्वर सिन्हा, प्रदीप साहू, गौतम साहू, प्रधानाचार्य नूतन कुमार साहू, जितेंद सोनी, अरुण साहू, जेतराम बघेल, घनश्याम साहू, लक्ष्मण सार्वा, वेदराम साहू, डोशन पाटकर, डोमार साहू, बंशी यादव, रामकृष्ण जांगड़े, शोभाराम निषाद, हुकेश निषाद, उमेश कुमार मौजूद रहे।

निगम कर्मचारी रोज पकड़ रहे 20 आवारा कुत्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में बढ़ती डॉग बाइट की घटना को देखते हुए नगर निगम ने आवारा कुत्तों की नसबंदी अभियान को तेज कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण करना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत निगम कर्मचारियों और एजेंसी के संयुक्त दल द्वारा रोजाना अलग-अलग मोहल्लों में पहुंचकर कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है।

निगम की टीम प्रतिदिन 20 से 25 कुत्तों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। इसके लिए जालीदार वाहनों और विशेष उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। चार-पांच कर्मचारियों की टीम मिलकर सावधानीपूर्वक कुत्तों को पकड़ती है, ताकि किसी को नुकसान न पहुंचे। पकड़े गए कुत्तों को निर्धारित केंद्र ले जाया जाता है। नसबंदी कार्य की जिम्मेदारी स्नेह डॉग वेलफेयर एजेंसी को सौंपी गई है। दानीटोला वार्ड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में कुत्तों का बधियाकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पशुओं के साथ मानवीय व्यवहार को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे उनकी आक्रामकता कम हो और शहर में शांति बनी रहे।

अभियान के शुरुआती चरण में पिछले 5 दिन में 20 कुत्तों को पकड़ा गया, जिनमें से 10 कुत्तों की सफलतापूर्वक नसबंदी की जा चुकी है। नसबंदी के बाद कुत्तों को तीन दिन तक निगरानी में रखा जाता है और स्वस्थ होने पर उन्हें उसी स्थान पर छोड़ दिया जाता है, जहां से उन्हें पकड़ा गया था।

आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण की दिशा में ठोस पहल

500 कुत्तों की नसबंदी का लक्ष्य

नगर निगम को इस अभियान के लिए राज्य शासन से लगभग 20 लाख रुपये का बजट प्राप्त हुआ है। इस राशि से प्रारंभिक चरण में 500 आवारा कुत्तों की नसबंदी का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा और आने वाले समय में इसका दायरा बढ़ाया जाएगा।

डॉग बाइट के मामलों में कमी लाने का प्रयास

पिछले 5 वर्षों में जिले में 18 हजार से अधिक डॉग बाइट के मामले सामने आ चुके हैं। शहर के इतवारी बाजार, बाम्बे गैरेज, नया बस स्टैंड, साल्हेवारपारा और दानीटोला क्षेत्र में सबसे अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं। इस अभियान से इन घटनाओं में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

सुशासन तिहार के तहत कुकरेल में समाधान शिविर आयोजित

शिविर में मिले 314 आवेदन, 250 से अधिक आवेदनों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विकासखण्ड नगरी के ग्राम पंचायत कुकरेल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर में ग्राम पंचायत कुकरेल, दरगहन, सलोनी, छुही, सियादेही, कांटाकुरीडीह, बनबगौद, माकरदोना, बाजार कुर्रीडीह, झुरातराई, कुम्हड़ा, डोकाल, केरेगांव, भोथापारा, चनागांव, सियारीनाला एवं खैरभरी के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में कुल 314 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 306 मांग एवं 8 शिकायतें शामिल रहीं। इनमें से 266 आवेदनों (262 मांग एवं 4 शिकायत) का त्वरित निराकरण मौके पर ही किया गया, जबकि शेष आवेदनों को शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सभापति शुभम यदु, जनपद सदस्य चन्द्रकला साहू एवं ईश्वरी नेताम, कुकरेल सरपंच ओंकार सिंह नेताम सहित उपस्थित थे।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नगरी प्रीति दुर्गम, नोडल अधिकारी शिव कुमार चन्द्राकर, जल संसाधन विभाग, आदिवासी विकास विभाग, पंचायत एवं राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिविर में लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर आमजनों से संवाद किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। विशेष रूप से राजस्व, पंचायत, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी तरीके से दिलाने पर जोर दिया गया।

प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक आवेदन का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण हो। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

नागरिकों को मिली कानूनी अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर के निर्देशन एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग तथा जननी सेवा संस्थान अर्जुनी के संचालन में महात्मा गांधी वार्ड स्थित सियान गुड़ी (डे केयर सेंटर) में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में नागरिकों को उनके विभिन्न कानूनी अधिकारों, न्यायालयीन प्रक्रियाओं एवं शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विधिक सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। श्रीमती उषा गेंडले ने बताया कि पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को शासन द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान लोगों ने विधिक विषयों से संबंधित अपनी जिज्ञासाएं भी व्यक्त कीं, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अन्नपूर्णा गजेंद्र, सचिव यंजुला सिन्हा एवं कार्यकर्तागण शेषनारायण, दानवीर, संतोषी, दिव्यप्रकाश, ममता, डॉली, रूपेश, रुक्मणि, सती तथा लीलेश्वरी की उपस्थिति रही।

सशिमं करगा का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

जीजामगांव। सरस्वती शिशु मंदिर करगा में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। समाजसेवी नारायण साहू ने संस्कार, चरित्र निर्माण पर जोर देते हुए शिक्षाप्रद कहानी के माध्यम से जीवन के मूल्यों को समझाया एवं साथ ही प्रथम, द्वितीय आने वाले बच्चों को सरस्वती माता और कर्मा माता की प्रतिमा भेंट की। चुनेश्वर साहू कोषाध्यक्ष ने कहा कि शिशु मंदिर में मिलने वाली शिक्षा विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और नैतिकता की भावना भरती है। रुपचंद साहू संयोजक ने कक्षा अरुण से चतुर्थ के सभी बच्चों को प्रगति पत्र का वितरण किया। कक्षा अरुण में रूबी 99 प्रतिशत प्रथम, दीक्षा 98 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा उदय में नमन 96. 5 प्रतिशत, तानिया 96.5 प्रतिशत प्रथम, रौनक 94.5 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा प्रथम में डाली 98.6 प्रतिशत प्रथम, गीतांजलि 97.7 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा द्वितीय में भूमि 97.8 प्रतिशत प्रथम, ईशान 96.6 प्रतिशत, नमन 96. 6 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा तृतीय में दुर्गेश 95.6 प्रतिशत प्रथम, निवेद 92.2 प्रतिशत द्वितीय रहे।

प्रियंका और देविका बनी विद्यालय की टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड का परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्साह जनक रहा है। कक्षा दसवीं में 38 विद्यार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए थे जिसमें 14 प्रथम श्रेणी,19 द्वितीय श्रेणी तथा दो विद्यार्थी कृपांक से उत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 92 .1 प्रतिशत रहा जो पिछले सत्र की तुलना में लगभग दोगुना है। विद्यालय स्तर पर देविका निर्मलकर, सिद्धिका साहू व कुमारी रूपाली साहू क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

कक्षा 12वीं की परीक्षा में कुल 52 विद्यार्थी रहे इसमें 29 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 17 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कुल परीक्षा परिणाम 88.5 प्रतिशत रहा है। विद्यालय स्तर पर प्रियंका साहू, लेखा साहू व ऐनु साहू ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्था के प्रभारी प्राचार्य आत्माराम साहू ने कहा कि सत्र भर एलुमनी मीट, पालक सम्मेलन, सैनिक सम्मान, शिक्षा पर चर्चा, विद्यालय दर्शन जैसे बड़े-बड़े आयोजन में व्यस्तता के बाद भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्साह जनक है। शिक्षकों व विद्यार्थियों की मेहनत रंग लाई। शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष मंशाराम साहू ने सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी है।

व्याख्याता सियाराम कुर्रे, रामेश्वर साहू, मिथलेश सिंह, वीरेंद्र सरल प्रधानपाठक, लवेश कुमार गुप्ता, भोजपाल साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, विकास कुमार कंवर, हेमंत कुमार रजक, मनीषा नवरंग, विद्या निषाद, मेषराम सेन संकुल समन्वयक, प्रवेश ठाकुर, गीतांजलि साहू, अर्चना साहू, दुर्गा ध्रुव, योगेश्वर साहू चंद्रिका ठाकुर, यमुना साहू, मुकेश पटेल ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

पहले दिन पेंशन की ई-केवाईसी का त्वरित निपटारा

- महापौर ने शिविर का अवलोकन कर आवेदनों का समाधान करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेशभर में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्र में 4 मई से 10 जून तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभिन्न वार्डों में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, वृद्धावस्था एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), बिजली, पानी, साफ-सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

शिविर की शुरुआत नाग देव मंदिर चौक के पास से हुई जिसमें महापौर रामू रोहरा ने शिविर का अवलोकन कर आवेदन के समाधान करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। शिविर में 23 आवेदन अलग-अलग विषय के प्राप्त हुए। मौके पर पेंशन हितग्राहियों की ई केवाईसी की गई। नक्शा प्रोजेक्ट के तहत आरओआर की जानकारी भी शिविर से मिलेगी। आयुक्त प्रिया गोयल ने मुख्यालय स्तर पर उपायुक्त पीसी सार्वा को नोडल अधिकारी तथा सहायक अभियंता महेंद्र सिंह जगत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। क्लस्टरवार शिविरों के संचालन हेतु उप अभियंताओं एवं एआरआई की नियुक्ति भी की गई है।

लगातार तीसरे वर्ष वाणिज्य संकाय का दबदबा

जीजामगांव। छग माशिमं द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शाउमावि दरबा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं में 77 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की जिसमें 51 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में 44 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में एवं 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय की छात्रा प्रतिभा कुर्रे ने 88.40 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम एवं रेणुका निर्मलकर ने 87.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा कला संकाय की छात्रा रेणुका बारले ने 87.2 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चन्द्रप्रकाश को प्रशासनिक एवं संगठन महामंत्री का अतिरिक्त प्रभार मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद की नवनियुक्त कार्यकारिणी के गठन उपरांत चन्द्रप्रकाश देवांगन को महामंत्री पद के साथ प्रशासनिक एवं संगठन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर एवं कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष महिम शुक्ला ने चन्द्रप्रकाश पर भरोसा जताते हुए यह पद सौंपा।

चन्द्रप्रकाश ने कांग्रेस के वरिष्ठजन, महिला संगठन, युवा संगठन एवं जिला और ब्लाक के कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि मैं इस जिम्मेदारी को पूरे निस्वार्थ एवं निष्ठापूर्वक निभाउंगा। इस उपलब्धि पर तारिणी चन्द्राकर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष महिम शुक्ला, नीलम चन्द्राकर सदस्य जिपं, विजय देवांगन पूर्व महापौर, राजकुमारी दीवान, शरद लोहाना पूर्व अध्यक्ष, अम्बिका सिन्हा, तपन चन्द्राकर, रजत चंद्राकर, जानसिंग यादव, रमेशर साहू, प्रहलाद चंद्राकर, आशीष शर्मा, मनीष साहू, देवव्रत साहू, डुमेश साहू, लेखराम साहू, कुलभूषण चन्द्राकर, युवराज देवांगन, राजू देवांगन, शोभा टंडन, उमेश्वरी कंवर, त्रिवेणी साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

अंचल की खबरें

बंगाल में अब विकास की नई गाथा लिखी जाएगी : अमन राव

धमतरी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों और सबका साथ, सबका विकास के संकल्प की जीत है। बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण की राजनीति को नकार कर राष्ट्रवाद और सुशासन को चुना है। यह जनादेश पूरे देश के लिए संदेश है कि अब जनता काम चाहती है, परिवारवाद नहीं। बंगाल में अब विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। उन्होंने बूथ अध्यक्ष प्रभुराम साहू, रिखम राव, अमरसिंह, किसुन साहू, भागवत साहू, सरोज साहू, हरीश साहू, भानबाई साहू, ओमप्रकाश साहू व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया।

भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर आमदी में जश्न

धमतरी। असम, पश्चिम बंगाल एवं पुडुचेरी में हुए चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर नगर पंचायत आमदी में जश्न मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू ने इसे जनता के विश्वास की जीत बताया है। पूर्व अध्यक्ष हेमंत माला का कहना है कि यह जीत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर जनता की मुहर है। तेजराम साहू पूर्व उपाध्यक्ष कहा कि इस जीत के साथ ही भाजपा ने नया विश्वास, विकसित भारत के अपने संकल्प को और मजबूत करने का संदेश दिया है। जनसेवक गणेश्वर साहू ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के अटूट समर्थन का परिणाम है। मौके पर कोमल यादव, उमानंद कुंभकार, सुनीता साहू, जागेश्वर नेताम, नारायण मटियारा, त्रिभुवन मटियारा, छबलू साहू, किरण साहू समेत अन्य मौजूद थे।

आठवीं में युवराज ने मारी बाजी

धमतरी। शासकीय माध्यमिक शाला बनबगौद में कक्षा छठवीं व सातवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक चंदूलाल चंद्राकर ने बताया कि इसी कार्यक्रम में गणित के व्याख्याता डॉ आशीष नायक का भी सम्मान किया गया। श्री चन्द्राकर ने आगे बताया कि कक्षा 8 वीं एवं 5 वीं का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। कक्षा आठवीं में प्रथम युवराज 91.33 प्रतिशत, द्वितीय लोमेश्वरी ध्रुव 90.67 प्रतिशत रहे। कक्षा 5 वीं में प्रथम अल्का यादव 93.5 प्रतिशत, द्वितीय किरण निर्मलकर 93 प्रतिशत, तृतीय छबि यादव 87.5 प्रतिशत रहे । इस अवसर पर डॉ आशीष नायक ने कहा कि बच्चों ने कड़ी मेहनत की है। उपसरपंच गोपीराम निषाद एवं पालकगण गुहाराम, रोशन यादव, प्रमोद साहू, ओमप्रकाश निर्मलकर ने भी अपने विचार रखे। मौके पर प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक विजय सुरपाम, अहमद रजा खान, निर्मला मरकाम, श्वेता वासनिक, लोकेश निर्मलकर, प्रमोद साहू सहित पालकगण उपस्थित थे ।

राहगीरों के लिए शीतल जल सेवा प्रारंभ

नगरी। भीषण गर्मी में राहगीरों एवं आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी द्वारा मटकी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की सराहनीय पहल की गई है। नगर के प्रमुख स्थानों पर मटकी में ठंडा एवं स्वच्छ पानी रखकर लोगों को निःशुल्क जल सेवा प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य का शुभारंभ तहसील साहू समाज नगरी के अध्यक्ष जन्मजय साहू, उपाध्यक्ष हरीश साहू एवं सचिव भूषण साहू ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में राह चलते लोगों, मजदूरों, बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है। समाज सेवा ही मानवता की सच्ची पहचान है और इसी भावना के साथ यह पहल शुरू की गई है। नगरवासियों ने भी इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी कदम बताया। इस अवसर पर समाज के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

चिखली फड़ में तेंदूपत्ता खरीदी की गई शुरू

दुर्गूकोंदल। दुर्गूकोदल क्षेत्र के अंतर्गत चिखली फड़ में वन विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही तेंदूपत्ता खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। अधिकारियों ने संग्राहकों को गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता तोड़ने, सही तरीके से संग्रहण करने और निर्धारित मानकों का पालन करने के लिए भी जागरूक किया। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर सतीश ठाकुर, वन रक्षक रमेश कुमार नेताम, वनपाल शिबू राम देहारी, फंड़ अध्यक्ष शिवराम हुपेडी, मुंशी राजेश मंडावी तथा राजेश गोटा सहित संग्राहक भी उपस्थित रहे।

खुले में शराब पीते दो लोगों को पुलिस ने दबोचा

कांकेर। चारामा थानांतर्गत भट्टी रोड मार्ग में सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहें दो व्यक्ति को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 मई को आरोपी विजय रजक और योगेश भुआर्य सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सीएचसी भानुप्रतापपुर में इलाज के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल मंगल यादव का 4 मई को मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। चोट गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

सभी ठेकेदार ई- श्रम साथी मोबाइल प्लीकेशन से कराएं पंजीयन

कांकेर। श्रमपदाधिकारी कांकेर द्वारा जिले के समस्त नियोक्ता, ठेकेदारों को डिजिटल लेबर चौक ई-श्रम साथी मोबाइल एप्लीकेशन को डाउनलोड कर पंजीयन कराना सुनिश्चित करने की अपील की गई है ताकि नियोक्ता को सरलता से श्रमिक एवं श्रमिकों को रोजगार प्राप्त हो सके। गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 28 अप्रैल को डिजिटल लेबर चौक ई-श्रम साथी मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया गया। यह एप्लीकेशन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल रायपुर द्वारा विकसित एक आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और नियोक्ताओं, ठेकेदारों को डिजिटल माध्यम से जोड़ते हुए रोजगार उपलब्धता की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाना है।

खबर संक्षेप

विकास और विश्वास की जीत : अंगिरा

धमतरी। पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की जनहितकारी नीतियों, विकास कार्यों और सुशासन की सोच का परिणाम है। जनता ने एक बार फिर विकास, विश्वास और पारदर्शिता की राजनीति पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि यह विजय केवल एक राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि आम जनता के विश्वास और बदलाव की चाह का प्रतीक है।

जनगणना कर्मियों का करें सहयोग : गौरव

धमतरी। भीषण गर्मी के बीच चल रहे जनगणना कार्य को लेकर सहयोग का संदेश सामने आया है। शहर मंडल के महामंत्री गौरव मगर ने कहा कि जनगणना में लगे कर्मचारी अत्यंत कठिन परिस्थितियों में घर-घर जाकर राष्ट्रीय दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। जनगणना का कार्य देश की जनसंख्या से संबंधित सटीक आंकड़े जुटाने के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं और विकास कार्यों की मजबूत आधारशिला तैयार करता है। ऐसे में इस कार्य में लगे कर्मचारियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। श्री मगर ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे कर्मचारियों के लिए कागज, पेन, मार्कर, पानी की बोतल, टोपी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं, ताकि वे अपना कार्य सुचारू रूप से कर सकें। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि जब जनगणना कर्मचारी उनके घर आएं, तो उन्हें सही और स्पष्ट जानकारी दें तथा उनके साथ शालीन व्यवहार रखें।

मावली हिल्स वॉटर एडवेंचर का आज होगा शुभारंभ

भानुप्रतापपुर। अंचल के पीच्चेकट्टा जलाशय में मावली हिल्स वॉटर एडवेंचर का शुभारंभ 6 मई को किया जाएगा। इस परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार और मनोरंजन के नए अवसर खुलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम का आयोजन मावली हिल्स वॉटर एडवेंचर स्थल ग्राम पिचेकसा ग्राम पंचायत मुल्ला में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत मुल्ला के सरपंच तुमन मंडावी करेंगे। विशेष अतिथियों में विधायक सावित्री मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिलसिंह राठौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनाराम तेता सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा जनपद सदस्य विष्णु कचलाम, उपसरपंच भंजन कोरेटी, ग्राम गयता सगरुराम गावड़े, ग्राम पटेल पतिराम गावड़े, राधेश्याम तारम और गिरधारी तारम भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बिजली बिल के बोझ से मिली मुक्ति, बदली जिंदगी की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना में 10,473 रुपये की मिली छूट

नई शुरुआत की ओर कदम : योजना बनी संजीवनी

31 मार्च और 1 अप्रैल 2026 को शेष राशि का भुगतान कर मन्नू राम मनहरे ने अपने वर्षों पुराने बकाया से मुक्ति पाई। आज उनका परिवार नियमित रूप से बिजली बिल जमा कर रहा है और आर्थिक संतुलन बेहतर हुआ है। उन्होंने इस योजना को अत्यंत उपयोगी बताते हुए शासन के प्रति आभार जताया है।

शासन की योजनाएं जब संवेदनशीलता और सरल क्रियान्वयन के साथ जमीन पर उतरती हैं, तो वे लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाती हैं। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 इसका सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई है।

जिले के विकासखंड कुरूद अंतर्गत ग्राम आलेखुंटा (गातापार) निवासी मन्नू राम मनहरे का जीवन इस योजना के माध्यम से नई दिशा में आगे बढ़ा है। सीमित आय और पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते वे लंबे समय से बढ़ते बिजली बिल के दबाव में थे। लगातार बढ़ते बकाया ने उनकी आर्थिक स्थिति के साथ-साथ मानसिक तनाव भी बढ़ा दिया था।

योजना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तुरंत आवेदन किया। पारदर्शी प्रक्रिया और विद्युत विभाग के सहयोग से उन्हें शीघ्र लाभ मिला। उनके कुल बकाया 21,540 रुपये में से 10,473 रुपये की छूट दी गई और सरचार्ज पूरी तरह माफ कर दिया गया। शेष 11,067 रुपये का भुगतान उन्होंने किस्तों में आसानी से कर लिया।

कुरूद विकासखंड में इस योजना का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। सैकड़ों उपभोक्ताओं ने इसका लाभ उठाकर अपने बकाया का समाधान किया है।

विशेष रूप से बीपीएल, घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को 50 से 75 प्रतिशत तक की छूट और सरचार्ज माफी मिल रही है। यह योजना न केवल आर्थिक राहत दे रही है, बल्कि लोगों को पुनः नियमित उपभोक्ता बनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रेरित कर रही है।

पानी की समस्या से नगरवासियों को मिली राहत

गुढ़ियारी तालाब में आ रहा सोंढूर बांध का पानी, जलस्तर बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भीषण गर्मी, सूखते तालाब और लगातार गिरते भूजल स्तर ने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी थी। निस्तारी के लिए पानी की कमी और दैनिक आवश्यक कार्यों, विशेषकर सुख-दुख के अवसरों पर नहावन जैसे जरूरी कार्यों के लिए पानी की समस्या गंभीर परेशानी बन चुकी थी। ऐसे समय में नगर पंचायत नगरी ने केवल आश्वासन नहीं दिया, बल्कि ठोस संकल्प के साथ समाधान की दिशा में कार्य किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं पार्षदों के नेतृत्व में वर्षों से बंद पड़ी इरिगेशन नाली को पुनः चालू करने का अभियान शुरू किया गया। यह नाली लंबे समय से अधूरे कार्य का प्रतीक बनकर रह गई थी, लेकिन जनहित को सर्वोपरि मानते हुए इसे फिर से जीवंत करने का निर्णय लिया गया। इरिगेशन विभाग से लगातार संवाद, समन्वय और अथक प्रयासों के बाद सोंढूर बांध से पानी छोड़ने की स्वीकृति प्राप्त हुई। इसके पश्चात एक सप्ताह तक लगातार नालियों की सफाई, मरम्मत और टीमवर्क के माध्यम से पानी को नगर तक पहुंचाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

आज वही पानी वार्ड क्रमांक 13 स्थित गुढ़ियारी तालाब में पहुंचकर नगरवासियों के लिए राहत और उम्मीद का संदेश बन गया है। तालाब का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और लोगों के चेहरों पर संतोष स्पष्ट दिखाई दे रहा है। गुढ़ियारी तालाब के पूर्ण रूप से भर जाने के बाद वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती स्थित दरियारा तालाब को भी इसी नहर नाली के माध्यम से निस्तार हेतु भरा जाएगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि जनता की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है। हर वर्ष इरिगेशन के माध्यम से तालाबों को भरा जाएगा और नगरी में पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस जनहितकारी कार्य में उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पार्षद अश्वनी निषाद, शंकर देव, स्वच्छता निरीक्षक पुष्कर पाटिल सहित पूरी नगर पंचायत टीम का सराहनीय योगदान रहा।

तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश

धान की फसल को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद ब्लॉक के भखारा, कोर्रा और सिलौटी क्षेत्र में मंगलवार शाम करीब 7 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण कई जगह पेड़ की टहनियां टूटकर बिजली के तार व सड़कों पर गिर गईं, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन व देर रात तक बिजली आपूर्ति बाधित रहा।

आंधी के चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज हवा के कारण बिजली के तार और पोल प्रभावित हुए हैं, जिन्हें सुधारने के लिए बिजली विभाग की टीम देर रात तक जुटी रही। वहीं अचानक आई आंधी व बारिश से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

कई किसानों की खेतों में खड़ी धान की फसल तेज हवा के कारण जमीन पर लिपट गई, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। किसान चिंतित हैं कि यदि फसल समय पर नहीं संभली तो आर्थिक नुकसान और बढ़ सकता है।

उपसरपंच ने की कलेक्टर से ठेकेदार की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत कलारतराई में नंद कुमार घर से शिव मंदिर की ओर बन रहा गौरवपथ सीसी रोड निर्माण कार्य 3 माह से अधूरा पड़ा है। ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण भी नहीं किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र में उल्लेख है कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारी को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। उपसरपंच ने कलेक्टर से गौरवपथ सीसी रोड निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कुरूद में मना जश्न

- कारगिल चौक में आतिशबाजी कर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत को लेकर कुरूद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जश्न मनाया। कारगिल चौक में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविकांत चन्द्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याण राजपूत, नगर संयोजक भोजराज चन्द्राकर, मंडल महामंत्री प्रभात बैस, मालक राम साहू, थानेश्वर तारक, पार्षदगण मिथिलेश बैस, महेंद्र गायकवाड़ तथा अन्य कार्यकर्ताओं की भी भागीदारी रही।

कार्यकर्ताओं के लिए अविस्मरणीय क्षण : ज्योति

जश्न के दौरान भाजपा नेताओं ने इसे ऐतिहासिक जीत बताते हुए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया। नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि बंगाल सहित तीन राज्यों में मिली जीत भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए अविस्मरणीय क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेताओं के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही यह परिणाम है। असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनना और पांडुचेरी में पुनः सत्ता में वापसी पार्टी की मजबूती को दर्शाता है। यह जीत पूरे देश में भाजपा की स्वीकार्यता और जनसमर्थन का प्रमाण है।

खेत के रास्ते में दीवार

किसान ने मांगी इच्छामृत्यु

धमतरी। न्यायालयीन आदेश का पालन नहीं होने से परेशान किसान ने कलेक्टर से इच्छामृत्यु की मांग की है। ला ल ब गी चा वार्ड निवासी भास्कर मिश्रा ने जनदर्शन में कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि ग्राम रत्नाबांधा में उनकी 2.31 हेक्टेयर कृषि भूमि है। पंचवटी कॉलोनी से होते हुए उसके खेत में आने जाने के लिए सार्वजनिक रास्ता है जिस पर दीवार खड़ी कर दी गई है। पंचवटी कॉलोनी के पूर्व अध्यक्ष ने सन 2004 में तथा ग्राम पंचायत रत्नाबांधा ने 2022 में आने जाने के रास्ते को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया है। उक्त मार्ग के संबंध में न्यायालय कलेक्टर में

- मामला रत्नाबांधा स्थित पंचवटी कॉलोनी का

रत्नाबांधा सरपंच तथा पंच के साथ प्रकरण चला था जिसमें आम निस्तारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखे जाने आदेशित किया गया है। वर्तमान में सरपंच आने जाने के रास्ते में दीवार निर्माण करा रहा है। रास्ता बंद किए जाने से उसे तथा परिवार के लोगों को कृषि कार्य के लिए खेत में आने जाने की असुविधा हो रही है। पीड़ित किसान ने आने-जाने के रास्ते से दीवार को हटाने या फिर इच्छामृत्यु प्रदान करने की मांग की है।

राज्यपाल से मिली योग साधिका रूचि, मिला राजभवन का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कक्षा 11वीं की छात्रा रूचि साहू ने 5 मई को रमेन डेका से उनके धमतरी प्रवास के दौरान मुलाकात की। पिछले 5 वर्षों से नियमित योग अभ्यास कर रही रूचि एडवांस योग की कई विधाओं में पारंगत हैं। मुलाकात के दौरान उन्होंने योग को स्कूली पाठ्यक्रम में अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने का सुझाव रखा। राज्यपाल ने छात्रा के आत्मविश्वास और पहल की सराहना करते हुए उसे भगवान श्रीराम का प्रतीक चिन्ह भेंट किया और उसका हौसला बढ़ाया।

- राज्यपाल ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर बढ़ाया हौसला

स्कूलों में योग अनिवार्य करने की उठाई मांग

रूचि साहू ने चर्चा में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना बड़ी चुनौती है। ऐसे में विद्यार्थियों को शुरुआती स्तर से ही योग जैसी स्वास्थ्यप्रद आदतों से जोड़ना जरूरी है। उनका मानना है कि यदि योग को पाठ्यक्रम में अनिवार्य विषय बनाया जाए, तो छात्र नियमित अभ्यास कर सकेंगे और जीवनभर स्वस्थ रहने की आदत विकसित होगी। राज्यपाल ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि रूचि को 16 मई शाम 6 बजे राजभवन आमंत्रित किया जाए, जिससे उसकी प्रतिभा को और प्रोत्साहन मिल सके।

पांचवीं में हिमांशी आसीजा रहीं अव्वल

- सभी 19 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विद्याकुंज किड्स स्कूल में कक्षा पांचवीं बोर्ड का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

कुल 19 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। हिमांशी आसीजा ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। देवेन्द्र मारकंडे एवं उमाम फातिमा ने 98.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय रहे। दिव्यांश बंगानी 97 प्रतिशत तृतीय रहे। 12 विद्यार्थियों ने 90 से 100 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए, जबकि 6 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक अर्जित किए। एक विद्यार्थी ने 79.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती भीष्मा शाह ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुमन तिवारी, पर्यवेक्षक श्रीमती प्रीति शर्मा सहित स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

हाईस्कूल चटौद का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत

जीजामगांव। शासकीय हाईस्कूल चटौद का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत रहा। मेहुलकांत साहू पिता इंदलराम साहू ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम गरिमा साहू पिता सियाराम साहू 86.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व कनकलता पिता डीगेश्वर तारक 85.3 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं में प्रथम देवेंद्र साहू पिता मानसिंग साहू 90 प्रतिशत, द्वितीय भारती पिता रेवा राम ध्रुव 84 प्रतिशत एवं तृतीय वेदिका पिता टिकेश्वर साहू 80 प्रतिशत रहे।

धौराभाठा स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

धमतरी। शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में कक्षा 1 से 4 तक परीक्षा परिणाम की घोषणाकर प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल, कॉपी, पेन, चॉकलेट प्रदान किया गया। सरपंच त्रिलोचन साहू ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, नगद राशि देने की घोषणा की।

समाजसेवियों ने विक्षिप्त को आश्रम पहुंचाया

- सराहनीय कार्य कर समाज को दिया सकारात्मक संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

परिवार से बिछड़कर शहर में दर-दर भटक रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ व विक्षिप्त व्यक्ति को अपना घर आश्रम पहुंचाकर मानवता का परिचय देते हुए समाज को सकारात्मक संदेश दिया है।

अक्सर देखा गया है कि मानसिक रुप से अस्वस्थ व्यक्ति अपने घर परिवार से बिछड़कर बहुत दूर निकल जाता है। वह व्यक्ति इधर उधर भटकते हुए दयनीय जीवन जीता रहता है। ऐसा ही एक विक्षिप्त व्यक्ति इन दिनों शहर में भटक रहा था जिस पर समाजसेवी शिवा प्रधान, अशोक पवार, सन्नी छाजेड़, राजेंद्र पटेल व हेमंत प्रधान की नजर पड़ी। समाजसेवियों ने बिना देर किए उस व्यक्ति को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर ऋतुराज फाउंडेशन एंबुलेंस सेवा संस्था के माध्यम से उसे रायपुर स्थित अपना घर आश्रम पहुंचाया जहां उक्त व्यक्ति की समुचित देखभाल और इलाज होगा।

लोगों की मदद से मिलती है आत्मिक शांति

समाजसेवियों ने बताया कि मानसिक रुप से अस्वस्थ लोग परिस्थितियों के कारण अपनों से बिछड़ जाते हैं। हमारी संस्था लगाकर प्रयास कर रही है कि ऐसे लोगों को सही उपचार व देखभाल की जाए और स्वस्थ होने के बाद उनके परिवार से मिलाया जा सके। ऐसे लोगों की मदद करना ही सच्ची मानव सेवा है। स्वस्थ होने के बाद उक्त व्यक्ति को उनके परिवार से मिलवाया जाएगा, जिससे उसका बिछड़ा हुआ रिश्ता फिर से जुड़ सके। इस सराहनीय कार्य से समाज को सकारात्मक संदेश गया है, जिससे अन्य लोगों को भी जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरणा मिलेगी।